वानखेड़े में लखनऊ के नवाबों का हल्ला बोल, निकोलस पूरन की आतिशी पारी से मुंबई को मिला विशाल लक्ष्य

जसप्रीत बुमराह के लिए खराब रहा दिन, बिना विकेट लिए लुटाए 45 रन; मुंबई को जीत के लिए चाहिए 229 रन

⇨ निकोलस पूरन ने मात्र 21 गेंदों में जड़े 63 रन, मार्श और मार्कराम ने भी दिखाया दम

एजेंसी

मुंबई। इंडियन प्रीमियर लीग 2026 के 47वें मुकाबले में सोमवार को मुंबई इंडियंस और लखनऊ सुपर जायंट्स के बीच वानखेड़े स्टेडियम में रनों की जबरदस्त बारिश देखने को मिली। मुंबई इंडियंस के कार्यवाहक कप्तान सूर्यकुमार यादव ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया, जिसे लखनऊ के बल्लेबाजों ने पूरी तरह गलत साबित कर दिया। लखनऊ सुपर जायंट्स ने निर्धारित 20 ओवरों में 5 विकेट खोकर 228 रनों का पहाड़ जैसा स्कोर खड़ा किया है। लखनऊ के लिए निकोलस पूरन ने सबसे विस्फोटक बल्लेबाजी करते हुए सीजन का अपना पहला अर्धशतक जमाया। लखनऊ की शुरुआत काफी तेज रही, हालांकि तीसरे ओवर में अल्लाह गजनफर ने जोश इंग्लिस (13 रन) को आउट कर मुंबई को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद निकोलस पूरन और मिचेल मार्श ने दूसरे विकेट के लिए मात्र 34 गेंदों में 94 रनों की तूफानी साझेदारी की। पूरन ने केवल 21 गेंदों का सामना करते हुए 63 रन बनाए, जिसमें 8 गगनचुंबी छक्के शामिल थे। मिचेल मार्श ने भी उनका बखूबी साथ देते हुए 25 गेंदों में 44 रनों की पारी खेली। एक समय ऐसा लग रहा था कि लखनऊ 250 के स्कोर को पार कर जाएगी, लेकिन मुंबई के गेंदबाज कोरबिन बॉश ने एक ही ओवर में पूरन और मार्श दोनों को पवेलियन भेजकर मुंबई की वापसी कराई। मध्यक्रम में कप्तान ऋषभ पंत का खराब फॉर्म जारी रहा और वे 10 गेंदों में मात्र 15 रन बनाकर विल जैक्स का शिकार बने। डेब्यू कर रहे अक्षत रघुवंशी भी 11 रन बनाकर रघु शर्मा की गेंद पर आउट हो गए। अंतिम ओवरों में एडन मार्कराम और हिम्मत सिंह ने मोर्चा संभाला और छठे विकेट के लिए 68 रनों की अविजित साझेदारी कर टीम को 228 के स्कोर तक पहुंचाया। हिम्मत सिंह ने 31 गेंदों में 40* रन और मार्कराम ने 25 गेंदों में 31* रनों का योगदान दिया। मुंबई की ओर से कोरबिन बॉश सबसे सफल गेंदबाज रहे जिन्होंने 20 रन देकर 2 विकेट लिए। लखनऊ की पारी का कुल स्कोर 228/5 (20 ओवर) रहा। प्रमुख स्कोरर में निकोलस पूरन ने 63 रन (21 गेंद), मिचेल मार्श ने 44 रन (25 गेंद), हिम्मत सिंह ने 40* रन (31 गेंद) और एडन मार्कराम ने 31* रन (25 गेंद) बनाए। मुंबई के गेंदबाजों में कोरबिन बॉश ने 2 विकेट, जबकि अल्लाह गजनफर, विल जैक्स और रघु शर्मा को 1-1 सफलता मिली। जसप्रीत बुमराह ने 4 ओवर में 45 रन दिए और उन्हें कोई विकेट नहीं मिला। मुंबई इंडियंस के लिए यह लक्ष्य हासिल करना प्लेऑफ की उम्मीदों को जीवित रखने के लिए अनिवार्य है। मुंबई की पारी की शुरुआत में रोहित शर्मा 'इम्पैक्ट प्लेयर' के रूप में मैदान पर उतरे हैं और उनके साथ रयान रिकेल्टन क्रीज पर मौजूद हैं। मुंबई को इस विशाल लक्ष्य तक पहुंचने के लिए प्रति ओवर 11.45 की औसत से रन बनाने होंगे। मुंबई के लिए आज जसप्रीत बुमराह का दिन काफी चुनौतीपूर्ण रहा। उन्होंने अपने स्पेल के दौरान तीन नो-बॉल फेंकी और काफी महंगे साबित हुए। स्पिनर अल्लाह गजनफर और रघु शर्मा ने किफायती गेंदबाजी करने की कोशिश की लेकिन लखनऊ के बल्लेबाजों के सामने वानखेड़े की छोटी बाउंड्री पर वे संघर्ष करते दिखे। समाचार लिखे जाने तक, मुंबई इंडियंस ने अपनी पारी की शुरुआत कर दी है और पहले ओवर के बाद स्कोर बिना किसी नुकसान के 10 रन है। रोहित शर्मा और रयान रिकेल्टन क्रीज पर हैं, जबकि लखनऊ की ओर से मोहम्मद शमी ने गेंदबाजी की कमान संभाली है।

जयशंकर ने जमैका को उपहार में दिए गए इलेक्ट्रॉनिक स्कोरबोर्ड का अनावरण किया

एजेंसी

किंगस्टन। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने भारत द्वारा जमैका को उपहार में दिए गए इलेक्ट्रॉनिक स्कोरबोर्ड को इस कैरेबियाई देश को समर्पित करते हुए कहा कि क्रिकेट इन दोनों देशों के बीच सेतु का काम करता है। जयशंकर ने रविवार को एक समारोह में जमैका के प्रधानमंत्री एंड्रयू होल्नेस के साथ मिलकर यहां सबीना पार्क में इस इलेक्ट्रॉनिक स्कोरबोर्ड का अनावरण किया। इस अवसर पर जयशंकर ने कहा कि क्रिकेट भारत और जमैका के बीच संबंधों को मजबूत बनाता है तथा भारत में एक अरब से अधिक लोग इस खेल को पूरे जुनून के साथ देखते हैं। उन्होंने कहा, ''खेल साझा अनुभव और आपसी सम्मान को बढ़ावा देकर देशों को करीब लाते हैं। जहां तक भारत और जमैका के संबंधों की बात है तो क्रिकेट का इसमें विशेष महत्व है।'' किंगस्टन स्थित सबीना पार्क जमैका क्रिकेट टीम का घरेलू मैदान है। यह वेस्टइंडीज के इस राष्ट्र का एकमात्र टेस्ट क्रिकेट मैदान है। सबीना पार्क के ऐतिहासिक महत्व के बारे में जयशंकर ने कहा कि इस मैदान से भारतीय क्रिकेट की विशेष यादें जुड़ी हुई हैं, जिसमें दिग्गज क्रिकेटर राहुल द्रविड़ का शतक और 2011 में विराट कोहली का टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण शामिल है। जयशंकर ने इससे पहले सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, ''भारत और जमैका की कहानी रनों में लिखी गई है, सम्मान में लिखी गई है, दोस्ती में लिखी गई है। प्रधानमंत्री एंड्रयू होल्नेस जेएम के साथ सबीना पार्क में भारत द्वारा उपहार में दिए गए इलेक्ट्रॉनिक स्कोरबोर्ड का औपचारिक रूप से अनावरण किया।

वॉशिंगटन की पारी ने गुजरात की मध्य क्रम से जुड़ी समस्या को दूर किया: अश्विन

अहमदाबाद। पूर्व भारतीय स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने कहा कि पंजाब किंग्स के खिलाफ वाशिंगटन सुंदर की मैच जिताने वाली पारी से गुजरात टाइटन्स के मध्य क्रम की कमजोरी को लेकर उठ रही कुछ शंकाओं का समाधान जरूर हो जाएगा। वाशिंगटन पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी करने के लिए उतरे और उन्होंने पांच चौकों और एक छक्के की मदद से 23 गेंदों में नाबाद 40 रन बनाए जिससे गुजरात इस मैच में पंजाब किंग्स को हराने में सफल रहा। अश्विन ने जियोस्टार से कहा, ''वाशिंगटन सुंदर की पारी बेहद महत्वपूर्ण थी क्योंकि इससे गुजरात टाइटन्स के मध्य क्रम से जुड़े सवालों का जवाब मिल गया।'' उन्होंने कहा कि वाशिंगटन ने जिस तरह से मैच का सकारात्मक अंत करने के लिए जरूरी धैर्य दिखाया वह काबिले तारीफ है। अश्विन ने कहा, ''गुजरात की टीम के अधिकतर रन उसके शीर्ष क्रम के तीन बल्लेबाज बनाते हैं लेकिन वाशिंगटन के इस तरह के योगदान से उनकी बल्लेबाजी की गहराई का पता चलता है। उन्होंने दबाव का अच्छी तरह से सामना किया और टीम की जीत सुनिश्चित की।'' अश्विन ने कहा, ''यह देखने में भले ही आकर्षक न हो, लेकिन टीम को जीत दिलाने के लिए यह बहुत ही संयमित और बेहतरीन प्रयास था।

घरेलू मैदान पर अपने रिकॉर्ड में सुधार करने का प्रयास करेगी दिल्ली कैपिटल्स

एजेंसी

नई दिल्ली। दिल्ली कैपिटल्स को अपने घरेलू मैदान पर लगातार तीन हार झेलने के सिलसिले को खत्म करने के लिए मंगलवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के खिलाफ होने वाले मैच में खेल के तीनों विभाग में अच्छा प्रदर्शन करना होगा। दिल्ली और चेन्नई दोनों टीम के नौ मैचों में आठ-आठ अंक हैं। अब जबकि उनके पांच मैच बचे हुए हैं तब छोटी सी गलती भी भारी पड़ सकती है। दिल्ली कैपिटल्स ने लगातार तीन हार के बाद शुक्रवार को जयपुर में खेले गए मैच में महत्वपूर्ण जीत हासिल की। उसने इससे पहले जो तीन मैच गंवाए थे उनमें से दो हार उसे घरेलू मैदान पर मिलीं थी। कोटला में पंजाब किंग्स के खिलाफ उसकी टीम 264 रन के स्कोर का बचाव नहीं कर पाई थी जबकि रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ उसके बल्लेबाज नहीं चल पाए थे। इससे पहले दिल्ली को कोटला में गुजरात टाइटंस से भी एक रन से हार का सामना करना पड़ा था। सीएसके के खिलाफ मैच से पहले दिल्ली के लिए सबसे बड़ी सकारात्मक बात यह है कि सलामी बल्लेबाज पथुम निसांका अपनी लय में आ गए हैं। केएल राहुल अच्छी फॉर्म में हैं, जबकि तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क के आने से उसका गेंदबाजी आक्रमण मजबूत हुआ है। जयपुर में अपने आखिरी ओवर में तीन छक्के खाने के बाद कुलदीप यादव अपने प्रदर्शन में सुधार करना चाहेंगे। वह अभी तक टूर्नामेंट में अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं। उन्होंने नौ मैचों में केवल सात विकेट लिए हैं और प्रति ओवर 10.26 रन लुटाए हैं। डेथ ओवरों के विशेषज्ञ टी नटराजन का भी इकोनॉमी रेट अच्छा नहीं है। उन्होंने नौ मैचों में केवल पांच विकेट लिए हैं। उतार-चढ़ाव भरे दौर के बावजूद कप्तान अक्षर पटेल शांत और व्यावहारिक बने रहने में कामयाब रहे हैं। अक्षर ने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ जीत के बाद कहा था, ''आपको हर दिन अभ्यास करते रहना होगा।

टीम इस प्रकार हैं

दिल्ली कैपिटल्स: अभिषेक पोरेल, केएल राहुल, नितीश राणा, समीर रिजवी, ट्रिस्टन स्टब्स, अक्षर पटेल, आशुतोष शर्मा, दुष्मंथा चमीरा, कुलदीप यादव, मुकेश कुमार, विपराज निगम, मिचेल स्टार्क, डेविड मिलर, औकिब नबी डार, पथुम निसांका, लुंगी एनगिडी, साहिल पारख, पृथ्वी साव, काइल जैमीसन, त्रिपुराना विजय, माधव तिवारी, अजय जादव मंडल, करुण नायर, टी नटराजन।

चेन्नई सुपर किंग्स: रुतुराज गायकवाड़ (कप्तान), डेवाल्ड ब्रेविस, एमएस धोनी, उर्विल पटेल, संजू सैमसन, शिवम दुबे, रामकृष्ण घोष, आयुष म्हात्रे, श्रेयस गोपाल, जेमी ओवरटन, अंशुल कंबोज, गुरजापनीत सिंह, मुकेश चौधरी, नूर अहमद, अकील होसेन, प्रशांत वीर, मैथ्यू शॉर्ट, सरफराज खान, मैट हेनरी, राहुल चाहर, जैकरी फॉल्क्स, स्पेंसर जॉनसन, कार्तिक शर्मा, अमन खान।

मैच भारतीय समयानुसार शाम 7.30 बजे शुरू होगा।

यह अच्छा स्कोर था, गेंदबाजी में चूक हुई: श्रेयस अय्यर

एजेंसी

अहमदाबाद। गुजरात टाइटंस के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग में चार विकेट से शिकस्त मिलने के बाद पंजाब किंग्स के कप्तान श्रेयस अय्यर ने कहा कि खराब शुरुआत के बावजूद उनके बल्लेबाजों ने अच्छा स्कोर खड़ा किया, लेकिन गेंदबाजों से थोड़ी चूक हो गई। पंजाब किंग्स के लिए सूर्यांश शेडगे ने 57 रनों की उत्कृष्ट पारी खेली, लेकिन जेसन होल्डर (24 रन पर चार विकेट) के साथ कागिसो रबाडा (22 रन पर दो विकेट) और मोहम्मद सिराज (28 रन पर दो विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी के सामने टीम 20 ओवर में नौ विकेट पर 163 रन ही बना सकी। गुजरात टाइटंस ने 19.5 ओवर में चार विकेट पर 167 रन बनाकर रोमांचक जीत दर्ज की। साई सुदर्शन (57) और वाशिंगटन सुंदर (नाबाद 40) ने शानदार बल्लेबाजी कर टीम की जीत सुनिश्चित की। मौजूदा सत्र में दूसरी हार झेलने के बाद अय्यर ने प्रसारकों से बातचीत में टीम के प्रदर्शन पर संतुलित प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि परिस्थितियों को देखते हुए स्कोर संतोषजनक था, लेकिन गेंदबाजी में चूक भारी पड़ गई। उन्होंने कहा, 'मुझे व्यक्तिगत तौर पर लगा कि यह अच्छा स्कोर था। नई गेंद से शुरुआत में मदद मिल रही थी। उनके गेंदबाजों ने पिच का बेहतरीन इस्तेमाल किया और सही लेंथ पर गेंदबाजी की।'' पंजाब किंग्स ने पहले बल्लेबाजी का न्योता मिलने पर 8.4 ओवर में 47 रन पर पांच विकेट गंवा दिए थे। शेडगे ने इसके बाद मार्कस स्टोइनिस (40) के साथ छठे विकेट के लिए 79 रन की साझेदारी कर टीम को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाने में अहम योगदान दिया।

रियाल मैड्रिड ने बार्सिलोना का स्पेनिश लीग खिताब का इंतजार बढ़ाया

मैड्रिड। विनीसियस जूनियर (55वें और 66वें मिनट) ने दूसरे हाफ में दो गोल किए जिससे रियाल मैड्रिड ने एस्पेनयोल को 2-0 से हराकर बार्सिलोना का लगातार दूसरी बार स्पेनिश लीग फुटबॉल टूर्नामेंट ला लिगा का खिताब जीतने का इंतजार बढ़ा दिया। बार्सिलोना ने शनिवार को ओसासुना को 2-1 से हराकर रियाल मैड्रिड पर 14 अंकों की बढ़त बना ली थी। रियाल मैड्रिड अगर एस्पेनयोल से नहीं जीत पाता तो बार्सिलोना 29वां लीग खिताब अपने नाम कर देता। बार्सिलोना और रियाल मैड्रिड के बीच अब 11 अंक का अंतर रह गया है। अब जबकि इस प्रतियोगिता में चार दौर के मैच खेले जाने बाकी हैं तब बार्सिलोना 34 मैच में 88 अंक के साथ शीर्ष पर बना हुआ है जबकि रियाल मैड्रिड के इतने ही मैच में 77 अंक हैं। इन दोनों टीमों के बीच अब इस सप्ताह के आखिर में मैच खेला जाएगा जिसमें जीत दर्ज करने पर बार्सिलोना चैंपियन बन जाएगा। मैड्रिड के कोच अल्वारो अर्बेलोआ ने कहा, ''हमारा मुकाबला एक मजबूत प्रतिद्वंदी से है और वे अच्छा खेल रहे हैं। यह मैच प्रशंसकों और हमारे लिए खास है।

संघर्षों को पीछे छोड़ शोएब ने पाकिस्तान टेनिस में एकल खिताब के 20 साल के सूखे को किया खत्म

नई दिल्ली। पाकिस्तान के नये टेनिस सितारे मुहम्मद शोएब के लिए एक समय ऐसा भी था जब वह चप्पलों में और सलवार-कमीज पहनकर टेनिस का अभ्यास करते थे, क्योंकि जूते और टेनिस किट खरीदने की उनकी आर्थिक स्थिति नहीं थी। कई बार उनके पुराने जूतों के तलवे फटने की वजह से पैरों में छाले पड़ते और खून तक निकल आता, लेकिन उनका हौसला नहीं डिगा और उन्होंने खेलना जारी रखा। पेशावर क्लब के कोर्ट पर अभ्यास के लिए उन्हें दोपहर की भीषण गर्मी का इंतजार करना पड़ता, क्योंकि उसी समय वहां भीड़ कम होती थी। बीस साल का यह खिलाड़ी संघर्षों को धता बताकर रविवार को इस्लामाबाद में पाकिस्तान का नया टेनिस चैंपियन बनकर उभरा। वह देश के इतिहास में इस उपलब्धि को हासिल करने वाले सिर्फ तीसरे खिलाड़ी बन गए। उनसे पहले ऐसाम-उल-हक़ कुरैशी और अकील खान ने यह उपलब्धि हासिल की थी। शोएब की आईटीएफ फ्यूचर्स खिताबी जीत ने न केवल उनका निजी सपना पूरा किया, बल्कि पाकिस्तान के लिए 20 वर्षों से चले आ रहे सिंगल्स खिताब के सूखे को भी खत्म किया। आखिरी बार 2007 में अकील खान ने लाहौर में फ्यूचर्स टूर्नामेंट जीता था, जबकि उसी साल ऐसाम-उल-हक कुरैशी ने दिल्ली में चैलेंजर खिताब अपने नाम किया था। यह खिताब पेशेवर टेनिस सर्किट के निचले स्तर पर आता है, लेकिन एकल वर्ग में बेहद सीमित सफलता हासिल करने वाले पाकिस्तान जैसे देश में शोएब की यह उपलब्धि बेहद अहम मानी जा रही है। शोएब की टेनिस यात्रा किसी बड़े सपने से नहीं, बल्कि पेशावर में एक 'बॉल बॉय' के रूप में शुरू हुई।

चोटिल फिल साल्ट स्कैन के लिए स्वदेश लौटे

नई दिल्ली। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के सलामी बल्लेबाज फिल साल्ट पिछले महीने उंगली में लगी चोट का स्कैन कराने के लिए इंग्लैंड लौट गए हैं। इस चोट के कारण साल्ट आरसीबी के पिछले तीन मैचों में नहीं खेल पाए थे। उनकी जगह उनके हमवतन जैकब बेथेल ने विराट कोहली के साथ पारी का आगाज किया। यह 29 वर्षीय खिलाड़ी 18 अप्रैल को एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मैच के दौरान डीप बैकवर्ड स्क्वायर लेग पर बाउंड्री बचाने के लिए डाइव लगाते समय चोटिल हो गया था। उनकी बाएं हाथ की उंगली में चोट लग गई थी। ईएसपीएनक्रिकइंफो के अनुसार, ''ईसीबी (इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड) से अनुबंधित साल्ट इंग्लैंड के टीम प्रबंधन के अनुरोध पर स्वदेश लौट गए हैं और उनकी उंगली का स्कैन किया गया है।'' रिपोर्ट के अनुसार आरसीबी और साल्ट दोनों को उम्मीद है कि वह जल्द फिट हो जाएंगे और वह इस महीने बाद में भारत लौट सकते हैं। साल्ट ने मौजूदा आईपीएल में छह पारियों में 168.33 के स्ट्राइक रेट से 202 रन बनाए थे।

शीर्ष टेनिस खिलाड़ियों ने फ्रेंच ओपन की पुरस्कार राशि पर नाखुशी जताई

एजेंसी

पेरिस। यानिक सिनर, एरीना सबालेंका और कोको गॉफ सहित कई प्रमुख खिलाड़ियों ने फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट की पुरस्कार राशि को लेकर ''अपनी गहरी निराशा'' व्यक्त की है। यह क्ले कोर्ट ग्रैंड स्लैम प्रतियोगिता इस महीने के आखिर में पेरिस में शुरू होगी। खिलाड़ियों का कहना है कि उनकी कुछ अन्य मांगें भी हैं जिन पर आयोजकों ने ध्यान नहीं दिया है। इनमें बेहतर प्रतिनिधित्व, स्वास्थ्य और पेंशन शामिल हैं। खिलाड़ियों की यह मांग तब आई जब फ्रेंच ओपन के आयोजकों ने पिछले महीने घोषणा की थी कि रोलां गैरां पर खेले जाने वाले टूर्नामेंट की पुरस्कार राशि में लगभग 10 प्रतिशत बढ़ोतरी की गई है, जिससे कुल पुरस्कार राशि 61.7 मिलियन यूरो (72.1 मिलियन अमेरिकी डॉलर) हो गई है, जो पिछले वर्ष की तुलना में 5.3 मिलियन यूरो अधिक है। खिलाड़ियों ने सोमवार को जारी बयान में कहा, ''फ्रेंच ओपन टूर्नामेंट के राजस्व में खिलाड़ियों की हिस्सेदारी 2024 में 15.5 प्रतिशत से घट गई है और 2026 में इसके 14.9 प्रतिशत रहने की संभावना है।'' फ्रेंच ओपन 24 मई से शुरू होगा। पुरुष और महिला एकल चैंपियन को 28 लाख यूरो और उपविजेता खिलाड़ियों को 14 लाख यूरो मिलेंगे। सेमीफाइनल में पहुंचने वालों को सात लाख 50 हजार यूरो जबकि पहले दौर में हारने वाले खिलाड़ियों को 87000 यूरो मिलेंगे।

खिलाड़ियों को युवाओं को नशे से दूर रहने और खेलों को अपनाने के लिए प्रेरित करना चाहिए: मनोज सिन्हा

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने सोमवार को खिलाड़ियों से 'नशा मुक्त अभियान' के ब्रांड दूत के तौर पर काम करने और युवाओं को नशे से दूर रहने तथा खेलों को अपनाने के लिए प्रेरित करने का आह्वान किया। यहां कश्मीर विश्वविद्यालय में अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय वुशु चैंपियनशिप के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए सिन्हा ने खिलाड़ियों से एक छोटा वीडियो बनाने और उसे सोशल मीडिया पर साझा करने को कहा जिससे कि नशे के दुरुपयोग के खिलाफ जागरूकता फैलाई जा सके और अन्य लोगों को सकारात्मक जीवनशैली के लिए खेल और रचनात्मक गतिविधियों को अपनाने के लिए प्रेरित किया जा सके।

बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda

शाखा कार्यालय : रोसर्व एससीओ 62-63 तीसरी मंजिल, बैंक स्क्वायर सेक्टर-17-बी, चंडीगढ़-160017

ई-नीलामी सूचना बिक्री सूचना

SCAN HERE For detailed terms & conditions

अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु बिक्री सूचना

परिशिष्ट-II A अचल संपत्ति के लिए नियम 6(2) सहित]

वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना, सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 6(2) और 8(6) के परंतुक के साथ पठित।

इसके द्वारा सामान्य रूप से जनता को और विशेष रूप से उधारकर्ता, बंधककर्ता और गारंटर को नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति सुरक्षित लेनदार के पास गिरवी/चार्ज की गई है, जिस पर कब्जा कर लिया गया है। बैंक ऑफ बड़ौदा के अधिकृत अधिकारी, सुरक्षित ऋणदाता को नीचे उल्लिखित बकाए की वसूली के लिए "जैसा है जहां है", "जैसा है जो है" और "जो कुछ भी है" के आधार पर बेचा जाएगा। हिसाब किताब। उधारकर्ता/बंधककर्ता/गारंटर/प्रतिभूत संपत्ति/बकाया/आरक्षित मूल्य/ई-नीलामी तिथि और समय, ईएमडी और बोली वृद्धि राशि का विवरण नीचे उल्लिखित है:-

उधारकर्ता(ओं)/ गारंटर (ओं)/ बंधककर्ता (ओं)/ का नाम और पता	ज्ञात बाधाओं, यदि कोई हो, सहित अचल संपत्ति का विवरण	कुल बकाया (15.01.2025) के अनुसार	ई-नीलामी की तिथि व समय	आरक्षित कीमत / ईएमडी / बढ़ाई गई बोली की राशि	कब्जे की स्थिति (रचनात्मक/भौतिक)	संपत्ति निरीक्षण की तारीख और समय
1 उधारकर्ता (ओं):-(1) मैसर्स नागपाल प्रोप. श्री डिंपल कुमार पुत्र कृष्ण लाल, दुकान नंबर 3-4, नजदीक विश्वकर्मा मंदिर, इंद्रा नगर, जगाधरी, जिला यमुनानगर - 135001 (2) श्री डिंपल कुमार पुत्र श्री कृष्ण लाल, मकान नंबर 2290, वार्ड नंबर 18, विश्वकर्मा कॉलोनी, जगाधरी, जारोड़ा, तहसील जगाधरी, जिला यमुनानगर - 135003. गारंटर (ओं) - श्रीमती संतोष कुमारी पत्नी श्री कृष्ण लाल, निवासी मकान नंबर 2290, वार्ड नंबर 18, विश्वकर्मा कॉलोनी, जगाधरी, जारोड़ा, तहसील जगाधरी, जिला यमुनानगर - 135003	आवासीय-सह-व्यावसायिक संपत्ति का समतुल्य बंधक, जिसका पुराना पीआईडी नंबर 97सी214यू32 और नया पीआईडी नंबर 1के2पीएनजीपी4 है और क्षेत्रफल 191.11 वर्ग गज है, जो खसरा संख्या 74/45 में स्थित है, मौजा जगाधरी मौसुमा भगतपुरा, पटरी मोहल्ला जगाधरी, तहसील जगाधरी, जिला यमुनानगर में स्थित है। यह संपत्ति विक्रय विलेख संख्या 1813 दिनांक 29.06.2007 द्वारा विधिवत पंजीकृत है और जगाधरी उप-पंजीयक कार्यालय में दर्ज है। संपत्ति की सीमाएँ इस प्रकार हैं:- उत्तर: 40' रास्ता 10' चौड़ा; दक्षिण: 40' अन्य का मकान; पूर्व: 43' श्री महेश कुमार का मकान; पश्चिम: 43' रास्ता। बैंकनेट संपत्ति आईडी:- BARB6045202500006.	रु. 32,83,109.06 + अप्रयुक्त ब्याज + अनारक्षित ब्याज + कानूनी/अन्य शुल्क-यदि कोई वसूली हुई हो तो	04.06.2026 सुबह 11:00 से सायं 03:00 बजे	रुपये 47,00,000/- / रुपये 4,70,000/- / रुपये 10,000/-	बैंक का भौतिक कब्जा	29.05.2026 प्रातः 11:00 बजे से सायं 03:00 बजे तक (केवल पूर्व अपॉइंटमेंट के साथ)
2 उधारकर्ता (ओं):-मैसर्स सतगुरु स्वीट हाउस, प्रोप. श्री अमित कुमार कश्यप पुत्र श्री ओम प्रकाश कश्यप, जिनका व्यवसाय स्थल प्लॉट नंबर 128, शिव कॉलोनी, गाव व डाक. छछरौली, जिला यमुनानगर है। उधारकर्ता(ओं) और बंधककर्ता (ओं)- श्री अमित कुमार कश्यप पुत्र श्री ओम प्रकाश कश्यप, मकान नंबर 6/32, राजन गली, छछरौली, यमुनानगर।	श्री अमित कुमार कश्यप पुत्र श्री ओम प्रकाश कश्यप के नाम पर मोहल्ला राजन, तहसील छछरौली, जिला यमुना नगर में स्थित आवासीय मकान संख्या 6/32/2-सी एस है, जिसका स्वामित्व पंजीकृत हस्तांतरण विलेख संख्या 771 दिनांक 10.06.2015 के अंतर्गत है। क्षेत्रफल 281 वर्ग गज है और इसकी सीमाएँ इस प्रकार हैं:- उत्तर: 11'-3' (गली); दक्षिण: 32'-6' (सरकारी विद्यालय); पूर्व: 77'-4' (प्रमोद कुमार का मकान); पश्चिम: 39'-10' और 35'-3' (प्रदीप बख्शी की संपत्ति)। बैंकनेट प्रॉपर्टी आईडी- BARB6045202400012	31.05.2017 को रु. 40,68,417/- + अप्रयुक्त ब्याज + अनारक्षित ब्याज + कानूनी/अन्य शुल्क 01.06.2017 से प्रभावी (कम वसूली, यदि कोई हो)	04.06.2026 सुबह 11:00 से सायं 03:00 बजे	रुपये 28,00,000/- / रुपये 2,80,000/- / रुपये 10,000/-	बैंक का भौतिक कब्जा	29.05.2026 प्रातः 11:00 बजे से सायं 03:00 बजे तक (केवल पूर्व अपॉइंटमेंट के साथ)
3 उधारकर्ता (ओं):- (1) मैसर्स आरआर इंडस्ट्रीज, मालिक - श्री राहुल गुप्ता, जिनका पंजीकृत कार्यालय मुखर्जी पार्क, काली माता मंदिर के पास, जगाधरी, जिला यमुनानगर, हरियाणा - 135003 है। (2) श्री राहुल गुप्ता पुत्र श्री राजीव गुप्ता, निवासी मकान नंबर 1524, वार्ड नंबर 6, काली माता मंदिर के पास, जगाधरी, जिला यमुनानगर, हरियाणा - 135003. गारंटर (ओं): - श्री विक्रमपाल सिंह पुत्र श्री विक्रम सिंह, निवासी मकान नंबर 1222/13, गंगा नगर कालोनी, काली माता मंदिर के पास, जगाधरी, जिला यमुनानगर, हरियाणा - 135003	संपत्ति आईडी संख्या 70सी68यू288 वाली भूमि और भवन, जिसका क्षेत्रफल 786.50 वर्ग गज यानी 01के-06एम है, जो खेवट संख्या 1436//1334, खतौनी संख्या 1713, खसरा संख्या 26//28 में शामिल 46के-08एम भूमि में से 13/464 हिस्सा है, जो मौजा जगाधरी एच.बी. संख्या 400, मौसुम्मा अमर विहार कॉलोनी, ओल्ड छछरौली रोड, जगाधरी, जिला यमुना नगर में स्थित है, जो कि श्री राहुल गुप्ता पुत्र राजीव गुप्ता के नाम पर पंजीकृत विमोचन विलेख संख्या 889 दिनांक 09.05.2014 के तहत उत्परिवर्तन संख्या 18061 और वर्ष 2009-2010 की जमाबंदी के साथ पढ़ा गया। जिसकी सीमाएँ निम्नानुसार हैं:- उत्तर: 131' श्रीमती निर्जीत कौर की संपत्ति; दक्षिण: 66'+5' राजीव गुप्ता की संपत्ति; पूर्व: 65'+35' नीलकंठ स्कूल; पश्चिम: 44'+30' गली। बैंकनेट संपत्ति आईडी - BARB6045202400013	31.10.2019 को रु. 1,73,85,507.36 + अप्रयुक्त ब्याज + अनारक्षित ब्याज + कानूनी/अन्य शुल्क 01.11.2019 से प्रभावी (कम वसूली, यदि कोई हो)	04.06.2026 सुबह 11:00 से सायं 03:00 बजे	रुपये 72,00,000/- / रुपये 7,20,000/- / रुपये 10,000/-	बैंक का भौतिक कब्जा	29.05.2026 प्रातः 11:00 बजे से सायं 03:00 बजे तक (केवल पूर्व अपॉइंटमेंट के साथ)

संपर्क व्यक्ति का नाम और संपर्क नंबर: श्री हितेश राहगल, मुख्य प्रबंधक, मो.: 8558846401

ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि: ई-नीलामी की तिथि और समय पर या उससे पहले

ई-नीलामी प्रारंभ होने की तिथि एवं समय: 04.06.2026 सुबह 11:00 बजे से सायं 03:00 तक ई-कॉमर्स भुगतान का तरीका: ईएमडी: एनईएफटी/ई-पेमेंट गेटवे

बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए, कृपया वेबसाइट लिंक https://www.bankofbaroda.in/e-auction.htm और ऑनलाइन नीलामी पोर्टल https://Baanknet.com देखें।

क्रमांक 1 के लिए नियम एवं शर्तें- (ए) संपत्ति प्रतीकात्मक कब्जे में है और बोलीदाता इस प्रतीकात्मक कब्जे वाली संपत्ति को अपने जोखिम और जिम्मेदारी पर खरीद रहा है। (बी) बैंक केवल प्रतीकात्मक रूप से संपत्ति का कब्जा सौंपेगा और सफल नीलामी बोलीदाता/खरीदार बैंक से भौतिक कब्जे का दावा नहीं कर सकता। (सी) बैंक भौतिक कब्जा सौंपने के लिए जिम्मेदार या बाध्य नहीं होगा। (डी) नीलामी में सफल खरीदार किसी भी स्थिति में धन वापसी पर ब्याज का दावा करने का हकदार नहीं होगा। (ई) नीलामी में सफल खरीदार को ई-नीलामी के तुरंत बाद उपरोक्त नियम एवं शर्तों की पुष्टि करते हुए घोषणा-सह-वचन प्रस्तुत करना होगा। (एफ) बिक्री के बाद यदि सफल बोलीदाता घोषणा-सह-वचन प्रस्तुत करने में विफल रहता है, तो बोली की ईएमडी राशि जब्त कर ली जाएगी।

इसे सरफेसी अधिनियम 2002 के तहत वैधानिक 15 दिनों की बिक्री सूचना के रूप में माना जा सकता है।

दिनांक : 04.05.2026 स्थान : चंडीगढ़ अधिकृत अधिकारी

कैसा रहेगा आज आपका दिन

डॉक्टर मिश्रा, अध्यक्षः हार्मनी ऑकल्ट वास्तु जोन, पिपली (कुरुक्षेत्र)

5-5-2026, मंगलवार, विक्रमी सम्वत 2083, ज्येष्ठ मास, कृष्ण पक्ष, चतुर्थी तिथि, ज्येष्ठा नक्षत्र, चन्द्रमा वृश्चिक राशि में। राहु कालः दोपहर 3 बजे से 4 बज कर 30 मिन्ट तक।

मेषः आज आपको नौकरी पक्ष से शुभ समाचार मिलेंगे। विशेष सुख समृद्धि हेतु गौशाला में